संख्या- 110/2025/797/35-4-2024/35-4099/22/2024

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजीपुर।

नियोजन अनुभाग- 4 लखनऊ: दिनांक: 17 अक्टूबर, 2025

विषय – जनपद गाजीपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत अवशेष धनराशि की स्वीकृति किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद गाजीपुर में शासनादेश संख्या- 113/2024/337/35-4-2024/35-4099/22/2024, दिनांक 11 मार्च, 2024 द्वारा स्वीकृत जनपद गाजीपुर के 17 सड़क निर्माण कार्यों में से 12 कार्यों **(शासनादेश के क्र0सं0- 1,2,3,4,5,7,9,10,11,14,16,17 पर क्रमशः अंकित कार्य)** की रू. 142.39 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 85.44 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी।

2- आपके पत्रांक-854/त्व0आ0वि0यो0/माँग/2023-24, दिनांक 25 अगस्त, 2025 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत प्रश्नगत 12 कार्य हेतु पूर्व में अवमुक्त की गई धनराशि का व्यय किया जाना इंगित करते हुए एवं टेण्डर की धनराशि का उल्लेख करते हुये अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- अतः एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष **रू0 21.80 लाख (रूपये इक्कीस लाख अस्सी हजार मात्र)** की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	गठित अनुबन्ध की लागत	कार्य पूर्ण के पश्चात शुद्ध बचत	बचत के उपरान्त कार्य की कुल लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा इन्दौर के उत्तरी ओर स्थित राजभर बस्ती में केशव राजभर के घर से अन्तिम छोर पर स्थित सुग्रीव राजभर के घर तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	6.70	5.22	1.37	5.33	4.02	1.31
2	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा इन्दौर में बहादुर गोंड़ के घर के सामने से नाई बस्ती होते हुए मस्जिद तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	12.40	9.16	3.24	9.37	7.44	1.93
3	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा फेफरा में फेफरा राजभर बस्ती से हरिजन बस्ती तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	5.18	4.13	1.05	4.22	3.11	1.11
4	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा इन्दौर में भूखन नाई के घर से झारखण्ड राजभर वाली	10.93	8.08	2.85	8.26	6.56	1.70

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	बस्ती तक इण्टरलॉकिंग रोड का कार्य।						
5	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा इन्दौर में मुख्य सड़क से माता चन्द्रावती देवी रीता शिक्षा निकेतन तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	14.74	10.89	3.85	11.13	8.84	2.29
6	विकास खण्ड-मरदह के ग्राम सभा फेफरा में मुख्य सड़क से फेफरा राजभर बस्ती तक सी.सी. रोड का कार्य।	12.31	9.10	3.21	9.30	7.39	1.91
7	विकास खण्ड कासिमाबाद ग्राम सभा महेशपुर में रमेश खरवार के घर से हरिशंकर यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	11.50	8.50	3.00	8.69	6.90	1.79
8	विकास खण्ड-कासिमाबाद ग्राम सभा देवली में राजभर बस्ती में धर्मदेव राजभर के घर से श्यामा राजभर के घर तक रबर मोल्ड इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	9.62	7.39	2.23	7.55	5.77	1.78
9	विकास खण्ड कासिमाबाद ग्राम सभा देवली पिच रोड से काली माता मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	9.76	8.19	1.57	7.35	5.86	1.49
10	विकास खण्ड कासिमाबाद ग्राम सभा रामगढ़ में मुख्य मार्ग से शिवमन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	15.10	10.58	4.52	10.82	9.06	1.76
11	विकास खण्ड कासिमाबाद ग्राम सभा दरियापुर हरेलाल राजभर के घर से पिच रोड से राजेश के दरवाजे होते हुए उत्तरी छोर कैलाश राजभर के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	12.10	9.45	2.65	9.65	7.26	2.39
12	विकास खण्ड कासिमाबाद ग्राम सभा सोनबरसा रामअवध के घर से मिठाई लाल डोम के घर तक रबर मोल्ड इण्टरलॉकिंग कार्य।	22.05	15.21	6.84	15.57	13.23	2.34
	योग	**142.39**	**105.90**	**36.38**	**107.24**	**85.44**	**21.80**

1. उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 11 मार्च, 2024 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2. प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
3. परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक, डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्कतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
4. कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।
5. स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त, अनाहरित बचती है, तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2026 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
6. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0 प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
7. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2925, दिनांक 27 मार्च, 2025 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- इस संबंध में होने वाला व्यय अवशेष **रू0 21.80 लाख (रूपये इक्कीस लाख अस्सी हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिये एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

संख्या- 110/2025/797(1)/35-4-2025/35-4099/22/2024 -तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार,लेखा एवं हकदारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4. अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0 प्र0 शासन ।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव /विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी ।
7. मंडलायुक्त वाराणसी मण्डल ।
8. निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9. मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर ।
10. मुख्य /वरिष्ठ कोषाधिकारी, गाजीपुर ।
11. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी गाजीपुर ।
13. अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, गाजीपुर ।
14. संयुक्त निदेशक स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन, नियोजन विभाग।
15. नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, नियोजन विभाग।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।